विज्ञान समिति उदयपुर
प्रौद्योगिकी दिवस समारोह

प्रेस विज्ञप्ति

विज्ञान समिति, इन्स्टीट्यूशन ऑफ इंजिनीयर्स, माइनिंग इंजिनीयर्स एसोसीएशन ऑफ इंडिया तथा जैन इंजिनीयर्स सोसायटी के संयुक्त तत्त्वावधान में आज राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम विज्ञान समिति में आयोजित किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि पेसेफिक मेडिकल विश्वविद्यायलय के कुलपति डॉ एम एस मंगल थे, मुख्य वार्ताकार पेसेफिक विश्वविद्यालय समूह के अध्यक्ष प्रो. बी.पी. शर्मा थे। समारोह में डॉ के एल कोठारी ने डॉ डी एस कोठारी उत्कृष्टता अवार्ड की पृष्ठभूमि प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस वर्ष पायरोटेक इलेक्ट्रोनिक्स के डॉ पी एस तलेसरा तथा आर एन टी मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ लाखन पोसवाल को उनके विज्ञान और प्रौद्योगिकी में महत्त्वपूर्ण योगदान के लिए डॉ डी एस कोठारी उत्कृष्टता अवार्ड से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में इंजी अरूण कोठारी, इंजी मधुसूदन पालीवाल तथा इंजी सी पी जैन ने संबोधित करते हुए सारगर्भित विचार व्यक्त किए। डॉ महीप भटनागर ने चल विज्ञान प्रयोगशाला एवं विज्ञान समिति के विज्ञान प्रकल्पों की जानकारी दी। इंजी सी पी जैन ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विज्ञान समिति अध्यक्ष डॉ के पी तलेसरा ने अतिथियों का स्वागत किया तथा प्रौद्योगिकी दिवस के महत्त्व पर प्रकाश डाला।

अपनी मुख्य वार्ता में प्रो. बी पी शर्मा ने कहा कि औपचारिक शिक्षा के न होने पर भी नवप्रवर्तन संभव है पर इस हेतु हमें देश में समुचित वातावरण तैयार करना होगा। मुख्य अतिथि पद से कुलपति डॉ एम एस मंगल ने उद्बोधन में उदाहरण सहित व्यक्त किया कि एक डॉक्टर और एक इंजिनीयर की प्रौद्योगिकी के विकास में मिलकर किस प्रकार योगदान कर सकते हैं। इंजी. अरूण कोठारी, डॉ पी एस तलेसरा, डॉ लाखन पोसवाल ने भी विचार व्यक्त किए। इस समारोह में डॉ के एल तोतावत, डॉ बी एल चावत, श्री प्रकाश तातेड़, डॉ आई एल जैन, डॉ अनुराग तलेसरा, इंजी आर के चतुर, इंजी आर के नेभनानी, इंजी एस सी के वैद, डॉ सुरेन्द्र सिंह पोखरना, श्री वर्द्धमान मेहता आदि उपस्थित रहे।